हरिभूमि
झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शनिवार, 2 अगस्त, 2025

13 ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के खिलाफ किया प्रदर्शन

14 ओपीएस के लिए काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

खबर संक्षेप

संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रैक्टर चालक की मौत

झज्जर। शहर के गुरुग्राम रोड स्थित फ्लाईओवर के नजदीक संदिग्ध हालत में एक ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई। सुबह उसका शव ट्रैक्टर की चालक सीट पर मिला। मृतक की पहचान चरखी दादरी जिले के गांव झौझूकलां निवासी धर्मपाल पुत्र गुलजारी के तौर पर हुई है। धर्मपाल ट्रैक्टर चालक था। वह वीरवार की रात गुरुग्राम से अपने गांव लौट रहा था। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर राहगीरों से मामले की जानकारी लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया तथा परिजनों को सूचना दी। इसके बाद परिजनों के पहुंचने पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया। मामले के जांच अधिकारी सुनील ने बताया कि मृतक के पुत्र दीपक के बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है।

जहाजगढ़ में महिला ने फंदा लगाकर दी जान

झज्जर। क्षेत्र के गांव जहाजगढ़ में एक महिला ने अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली। महिला की पहचान एमपी के पन्ना जिले के बीरा गांव निवासी रजनी पत्नी राजकुमार के तौर पर हुई है। रजनी व उसका पति राजकुमार करीब चार-पांच दिन पहले ही गांव के श्याम मंदिर में रहने के लिए आए थे। राजकुमार ने मंदिर में पुजारी का कार्यभार संभाला था। शुक्रवार की सुबह रजनी ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को फांसी के फंदे से उतरवाकर उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। बाद में परिवार को शव सौंप दिया गया।

साइबर फ्रॉड करने के आरोप में दो गिरफ्तार

झज्जर। पुलिस की एक टीम द्वारा साइबर फ्रॉड करने मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक सोमबीर ने बताया कि बेरी निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके साथ टेलीग्राम एप के माध्यम से करीब 27 लाख रुपये की साइबर ठगी हुई है। शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान बलविंदर निवासी डबली बॉस पेमा और अरविंद निवासी लौंगवाला जिला हनुमानगढ़ राजस्थान के तौर पर की गई है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से दोनों आरोपियों को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

बहादुरगढ़ में चोरों के निशाने पर सड़क किनारे खड़ी गाड़ियां

एक कार का शीशा तोड़कर दो लाख व दूसरी से 22 हजार रुपये निकाले

अस्पताल के बाहर कार खड़ी कर अंदर गया था सुमित

बहादुरगढ़। अस्पताल के सामने इस गाड़ी को बनाया गया निशाना।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

शहर में दिल्ली-रोहतक रोड पर एक निजी अस्पताल के सामने सड़क किनारे खड़ी गाड़ी को चोरों ने निशाना बना लिया। पिछला शीशा तोड़कर गाड़ी में रखे दो लाख रुपये चोरी कर लिए गए। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दे दी है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

वारदात दिल्ली के टीकरी कलां के निवासी सुमित के साथ हुई है। जानकारी के अनुसार, सुमित शुक्रवार की दोपहर यहां ब्रह्मशक्ति संजीवनी अस्पताल में आया था। अस्पताल के सामने रोहतक की ओर जाने वाली सड़क किनारे उसने अपनी कार खड़ी की थी। इसी दौरान उसकी गाड़ी को अज्ञात चोर ने निशाना बना लिया। कुछ देर बाद जब वह अस्पताल से निकलकर अपनी कार के पास पहुंचा तो पिछला शीशा टूटा देखकर दंग रह गया। उसने तुरंत कार के अंदर देखा तो उसके दो लाख रुपये भी गायब थे। यह देख उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

सूचना पाकर सेक्टर-9 चौकी से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। वहीं, दूसरी तरफ सेक्टर-9 पुलिस का कहना है कि सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच गए थे। एक युवक ने कहा है कि गाड़ी से दो लाख रुपये चोरी हुए हैं। बयान लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। आसपास सीसीटीवी फुटेज चेक की जाएगी। जल्द मामले का खुलासा किया जाएगा।

बैंक अधिकारी की कार से नकदी व दस्तावेज चोरी



बहादुरगढ़। बैंक के सामने खड़ी गाड़ी का तोड़ा गया शीशा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

शहर में गाड़ियों के शीशे चटकाकर सामान चोरी करने वाला गिरोह सक्रिय है। आए दिन इस तरह की वारदात हो रही हैं। शुक्रवार को भी दिन दहाड़े रोहतक-दिल्ली रोड पर एक बैंक अधिकारी की गाड़ी का शीशा तोड़कर बैग चुरा लिया गया। बैग में 22 हजार रुपये व अन्य जरूरी दस्तावेज थे। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

वारदात नयागांव के निवासी शमशेर सैनी के साथ हुई है। शमशेर सैनी इंडसइंड की बहादुरगढ़ में दिल्ली-रोहतक रोड पर स्थित शाखा में अधिकारी हैं। रोजमर्रा की तरह वह शुक्रवार को ड्यूटी पर आए थे।

बैग गाड़ी में ही रह गया था

उन्होंने बैंक के सामने ब्रिगेडियर होशियार सिंह स्मारक स्थल के बाहर अपनी गाड़ी खड़ी कर दी। उनका बैग गाड़ी में ही रह गया। कुछ देर बाद उन्हें काम के सिलसिले में कहीं जाना था तो वह बैंक से बाहर गाड़ी के पास आए। देखा तो पिछली सीट का शीशा टूटा हुआ था और गाड़ी में बैग भी नहीं था। बैग में शमशेर और उसके पिताजी के पर्स थे। जिनमें 22 हजार रुपये की नकदी व अन्य जरूरी दस्तावेज थे। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। इस दौरान कुछ दूरी पर हनुमान मंदिर के पास बैग व पर्स तो मिल गए, लेकिन उनमें पैसे नहीं थे, यानी रुपये निकालने के बाद चोर बैग व पर्स वहीं फेंक गया।

एयर टिकट बुक कराने का झांसा देकर ठगे 1.34 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

शहर में साइबर ठगी का एक और मामला सामने आया है। राम नगर निवासी युवक को ऑनलाइन एयर टिकट बुक कराने के चक्कर में शातिर ठगों ने एक लाख 34 हजार 330 रुपये की चपत लगा दी। पीड़ित की शिकायत पर सिटी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात मनोज के साथ हुई है। बिहार मूल का मनोज यहां राम नगर में रहता है। उसे हाल ही में किसी जरूरी काम से बाहर जाना था, जिसके लिए उसने इंटरनेट पर एयर टिकट बुकिंग का प्रयास किया। इसी दौरान उसकी बातचीत एक विनय नाम के व्यक्ति से हुई। विनय ने टिकट बुक कराने में मदद का झांसा देते हुए उसे रिषभ नाम के युवक का नंबर दिया। रिषभ ने भी मदद का नाटक करते हुए विकास और फिर बॉबी नाम के व्यक्ति का नंबर शेयर किया। मनोज ने जब इनसे संपर्क किया तो सभी ने अलग-अलग बहानों से पैसे मांगे और उसे एक-दूसरे से बात करने को कहते रहे। इसी झांसे में आकर मनोज ने कुल एक लाख 34 हजार 330 रुपये उनके बताए खातों में ट्रांसफर कर दिए।

जब टिकट नहीं मिला और आरोपियों ने रिस्पांस देना बंद कर दिया तो मनोज को ठगी का एहसास हुआ। उसने तुरंत पुलिस को शिकायत दी। सिटी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि ऑनलाइन बुकिंग करते समय केवल आधिकारिक वेबसाइटों या विश्वसनीय ऐप्स का ही उपयोग करें और किसी अनजान नंबर या लिंक पर भरोसा न करें।

ढंग से काम नहीं कर रहा एसटीपी

बहादुरगढ़। नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी के पति रमेश राठी ने छोटूराम नगर स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। उनके अनुसार 18 एमएलडी एसटीपी में कई गंभीर अनियमितताएं देखने को मिलीं। यहां मैन पावर की भारी कमी है। कूड़ा निकालने वाली मशीन पिछले 6 महीने से खराब पड़ी है। मोटर की कैपेसिटी भी कम है। इन कारणों से सीवरेज ट्रीटमेंट प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। इस एसटीपी पर सफाई ढंग से नहीं होने के कारण यमुना का पानी भी गंदा हो रहा है। क्योंकि बिना पानी ट्रीट किए ही यमुना में पहुंचाया जा रहा है। उनके अनुसार मुख्यमंत्री, मंत्री और संबंधित अधिकारियों को शिकायत भेजी जाएगी। इस मौके पर एसआई सुनील हुड्डा, हरिमोहन धाकरे व रोहित भी मौजूद रहे।

आसौदा में मकान से नकदी व आभूषणों की चोरी, केस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

गांव आसौदा स्थित एक मकान में चोरी की वारदात हो गई। अज्ञात चोर मकान में घुसे और हजारों रुपये की नकदी तथा आभूषणों पर हाथ साफ कर गए। परिवार के लोग जब घर लौटे तो वारदात का पता चला। पीड़ित परिवार की शिकायत पर आसौदा पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात बिजेंद्र के मकान में हुई है। बिजेंद्र का कहना है कि उसकी पत्नी, बच्चों के साथ मायके चली गई थी। गत 30 जुलाई को चंडीगढ़ हाईकोर्ट में उसे कुछ काम था। इसलिए वह चंडीगढ़ चला गया। पीछे से मकान बंद था। इसी दौरान चोरों ने मकान को निशाना बना लिया। देर शाम को जब घर लौटा तो चौबारे में सारा सामान अस्त व्यस्त था। अलमारी का लॉक टूटा हुआ था और बेड का सामान बाहर बिखरा पड़ा था। जांच के दौरान अलमारी से दस हजार रुपये की नकदी, एक जोड़ी सोने के बाले, सोने का ओम नहीं मिले।

चोरों के निशाने पर बंद पड़े मकान

इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर आसौदा थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। बिजेंद्र की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। मामले की तह तक जाने के लिए पुलिस वारदात स्थल के आसपास सीसीटीवी फुटेज चेक करेगी। जल्द से जल्द मामले को सुलझाने की बात कही जा रही है। बता दें कि इलाके में चोरी के मामले बढ़ रहे हैं। मौका मिलते ही चोर बंद मकान को निशाना बना लेते हैं।

ज्वेलरी शॉप पर वारदात करने वाले को तलाश रही पुलिस

बहादुरगढ़। सिटी थाने के नजदीक एक ज्वलैरी शॉप पर लूटपाट की कोशिश करने वाले की तलाश में पुलिस की कई टीमें भागदौड़ कर रही हैं। हालांकि आरोपी का अभी सुराग नहीं लग पाया है लेकिन पुलिस द्वारा जल्द ही उसे गिरफ्तार करने की बात कही जा रही है। दिल्ली-रोहतक रोड स्थित सूरजभान राम निवास ज्वैलरी शॉप पर वीरवार की दोपहर को यह वारदात हुई थी। आभूषण खरीदने के बहाने एक शातिर युवक दुकान में आया। उसने पहले आभूषण देखे और मौका पाकर चाकू तानकर बैग में आभूषण डलवा लिए। इस दौरान दुकान मालिक रामनिवास और कारीगर को चाकू मारने के भी प्रयास किए। भागते वक्त बराही रोड पर हड़बड़ी में उसका बैग छूट गया। जांच अधिकारी पवन कुमार का कहना है कि केस दर्ज किया जा चुका है। जांच चल रही है।

नशे से मुक्ति का बना सहारा

बहादुरगढ़। शहर के सेक्टर-9ए में स्थित पॉलीक्लिनिक में संचालित नशा मुक्ति केंद्र नशे की लत से जूझ रहे मरीजों के लिए अहम सहारा बनकर उभरा है। सीएमओ डॉ. जयमाला के अनुसार यहां प्रत्येक माह नशीली दवाओं के सेवन से ग्रस्त औसतन लगभग 350 मरीजों को उपचार दिया जाता है। जरूरतमंद मरीजों को दीर्घकालिक दवाएं पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं।

हाथों में जूते उठाकर स्कूल जाने को मजबूर विद्यार्थी, ड्रेस भी हो रही खराब

सेक्टर-6 में जल निकासी के पुख्ता बंदोबस्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

बहादुरगढ़। जलभराव से गुजरकर स्कूल जाते विद्यार्थी।

सेक्टर-6 में जल निकासी के पुख्ता बंदोबस्त नहीं है। बरसात होते ही सेक्टर की सड़कों पर पानी भर जाता है और कई घंटे बीत जाने के बाद भी नहीं निकल पाता। इससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सबसे ज्यादा दिक्कत उन बच्चों को झेलनी पड़ती है, जिन्हें पढ़ने के लिए यहां मौजूद में राजकीय प्राथमिक पाठशाला में आना होता है। शुक्रवार की सुबह भी पाठशाला के बाहर सड़क पर काफी पानी भरा था। इस कारण बच्चों को नंगे पांव हाथ में जूते उठाकर स्कूल में प्रवेश करना पड़ा। कई बच्चों की ड्रेस बाइक और गाड़ियों के गुजरने से उड़ने वाले पानी की छींटों से खराब तक हो गई। अभिभावकों का कहना है कि बारिश होते ही स्कूल के बाहर जलभराव हो जाता है, जिससे बच्चों का स्कूल आना-जाना किसी चुनौती से कम नहीं होता। बच्चे शिक्षा लेने जाते हैं, लेकिन अव्यवस्था के चलते उन्हें परेशानियों से जूझना पड़ता है। स्थानीय निवासियों ने चिंता जताई कि जिस स्थान पर जलभराव होता है, वहीं सड़क किनारे एक ट्रांसफार्मर भी लगा हुआ है। इस वजह से हादसे की आशंका भी रहती है। प्रशासन की ओर से हर बार बारिश से पहले नालियों की सफाई का दावा किया जाता है।

राधा स्वामी कॉलोनीवासियों को भूकंप सा झटका दे गया नोटिस सर्वे में वैध की गई थी कालोनी, अब एचएसवीपी ने बताया अवैध

डी नोटिफिकेशन का नोटिस मिलने पश्चात चेयरमैन से मिलने नगर परिषद पहुंचे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

शहर की राधा स्वामी कालोनी को नगर परिषद द्वारा पहले वैध करार दिए जाने के बाद अब हुडा विभाग द्वारा इसे अवैध घोषित किया गया है। इस कारण कालोनीवासियों को अपने घरों के खिलाफ नोटिस मिलने शुरू हो गए हैं।

सप्ताह में जवाब दाखिल करें

नोटिस में यह कहा गया है कि वे एक सप्ताह के अंदर अपना जवाब दाखिल करें, नहीं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यह मामला तब तूल पकड़ गया जब शुक्रवार को कालोनीवासी नगर परिषद कार्यालय पहुंचे और चेयरमैन जिले सिंह सैनी से मिलकर अपनी समस्याओं को साझा किया। कालोनीवासियों ने अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि पहले नगर परिषद द्वारा कालोनी को वैध करार दिया गया था, लेकिन अब हुडा द्वारा इसे अवैध घोषित किया जा रहा है, जो उनके लिए एक बड़ा झटका है। इस पर चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने स्पष्ट किया कि यह मामला अब नगर परिषद के अधिकार क्षेत्र में नहीं है। उन्होंने कहा कि यह मामला हरियाणा विकास प्राधिकरण से संबंधित है और नगर परिषद इस मुद्दे में कोई हस्तक्षेप नहीं कर सकता। इस मौके पर कालोनीवासी पूनम, कविता, सुदेश, वीरेंद्र, राकेश, सतनारायण, जय सिंह, ललित कुमार, सुशीला देवी, प्रेम, मधु देवी, रानी, सावित्री समेत कई लोग उपस्थित रहे। उन्होंने चेयरमैन जिले सिंह सैनी को ज्ञापन सौंपते हुए अपनी परेशानियों का समाधान की अपील की। कालोनीवासियों का कहना है कि यदि जल्द ही इस मुद्दे का समाधान नहीं किया गया तो मुश्किल खड़ी हो जाएगी।

झज्जर। नगर परिषद चेयरमैन के समक्ष अपनी समस्या रखते हुए कालोनीवासी।

झज्जर। परिषद के बाहर एकत्रित राधास्वामी कालोनी वासी।

लोगों ने मुख्यमंत्री से मांगा मिलने का समय

राधा स्वामी कालोनीवासी बिजेंद्र, जयभगवान, मंजीत कुमार, जगमेंद्र, पिंकी आदि ने बताया कि उन्होंने अपनी इस समस्या को लेकर सीएम से मिलने का समय भी मांगा है। उन्होंने सोमवार या मंगलवार को मिलने का समय दिया है। अब कालोनीवासी सोमवार को सीएम से मिलकर उनके समक्ष अपनी समस्या रखेंगे।

नगर परिषद व टाउन प्लानिंग के अधिकारियों ने किया था सर्वे

कालोनी वासियों का कहना है कि उनकी कालोनी को नगर परिषद व टाउन प्लानिंग के अधिकारियों द्वारा सर्वे किए जाने की बाद वैध कालोनियों की सूची में शामिल किया गया था। कालोनी के वैध किए जाने की खबरों व वहां दी जाने वाली मौलिक सुविधाओं की उम्मीद में ही उन्होंने अपने घरों को पक्का किया था। अब हुडा द्वारा डी नोटिफिकेशन के नोटिस के बाद हर कालोनीवासी को भूकंप जैसा झटका लगा है।

किसी ने कर्ज लेकर तो किसी ने पीएफ के रुपयों से बनाया घर

: नगर परिषद कार्यालय परिसर में उपस्थित राधा स्वामी कालोनी निवासी बुजुर्ग सावित्री देवी ने बताया कि बरसात के दिनों में उसका घर टपकने लगता था। अब पैसा-पैसा जोड़ कर अभी मकान का फिर से निर्माण कराया था। ऐसे में उन्हें भूखो मरने की स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। रानी देवी, ओमपति, दिव्या आदि ने बताया कि उनके परिवार में कमाने वाला कोई दूसरा नहीं है। दिव्या के अनुसार उसने अपने पति के पीएफ के पैसे से कालोनी पास होने की खबर के बाद मकान बनाया और एक लड़की की शादी की। कुछ दिन पहले जहां उसके दामाद के आकस्मिक निधन के बाद उसकी लड़की अपने घर लौट आई वहीं अब कालोनी खाली करने संबंधी नोटिस का चुका है। इसी प्रकार कालोनीवासी मधु देवी, देवकी आदि की भी यही कहानी है। जिन्हें इस कालोनी में रहते वर्षों बीत चुके हैं। मीना ने बताया कि उसने कालोनी वैध होने के बाद ही कर्जा लेकर यहां प्लाट खरीदा था।

डाबोदा में होटल से 14 घरेलू सिलेंडर बरामद, गैस एजेंसी में करवाए जमा

बहादुरगढ़। बरामद किए गए सिलेंडरों के साथ अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी रोकने के लिए सीएम फ्लाइंग टीम और खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने संयुक्त रूप से अभियान तेज कर दिया है। इसी कड़ी में शुक्रवार को गांव डाबोदा खुर्द में झज्जर रोड स्थित एक होटल पर छापा मारा गया।

कार्रवाई के दौरान टीम को होटल में 14 घरेलू गैस सिलेंडर मिले, जिनमें से एक सिलेंडर भरा हुआ था जबकि बाकी 13 सिलेंडर खाली पाए गए। जब होटल मालिक से इन सिलेंडरों से जुड़े दस्तावेज मांगे गए तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। इंस्पेक्टर राजेश सहगल और इंस्पेक्टर धर्मपाल के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के दौरान होटल मालिक को फटकार लगाई गई। बरामद सिलेंडर जब्त कर गांव में स्थित एक गैस एजेंसी में जमा करवा दिए गए। अधिकारियों ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यवसायिक उपयोग गैरकानूनी है और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी। यदि 100 किलो से अधिक गैस मिलती है तो केस भी दर्ज करवाया जाएगा। आगे भी इसी तरह का छापेमारी अभियान लगातार जारी रहेगा।

एक स्वस्थ घोड़ा 44 किमी प्रति घंटे की चाल से दौड़ सकता है।

बिल्लियों के हर कान में 32 मांसपेशियां पाई जाती हैं।

इवेंट मैनेजमेंट का कोर्स कर बनाएं अच्छा करियर

नालेज

यंगभूमि डेस्क

इवेंट मैनेजमेंट कोर्स करना व इवेंट मैनेजमेंट के पोस्ट पर चयनित होना हर विद्यार्थी के लिए खुशी का पल माना जाता है। हर विद्यार्थी का करियर में सफल होने का सपना होता है। हर विद्यार्थी जाता है। कि वह आगे बढ़कर एक सफल करियर में प्रवेश करें। विद्यार्थी अपने करियर को सफल बनाने के लिए कई प्रकार की डिग्री व डिप्लोमा का सहारा लेता है। 12वीं कक्षा पास करने के बाद अलग-अलग प्रकार के डिग्री व डिप्लोमा विद्यार्थी के सामने उपलब्ध होते हैं। डिग्री और डिप्लोमा बहुत सारे होते हैं। जिसमें इवेंट मैनेजमेंट कोर्स भी शामिल है। आज के आर्टिकल में हम इस कोर्स की जानकारी देंगे।

इवेंट मैनेजमेंट कोर्स क्या है

किसी भी शादी व पार्टी के लिए इवेंट को मैनेजमेंट करने वाला व्यक्ति इवेंट मैनेजर कहलाता है। इवेंट मैनेजमेंट करने से पहले विद्यार्थी के पास इवेंट मैनेजमेंट कोर्स का सर्टिफिकेट होना अनिवार्य है। इवेंट मैनेजमेंट कोर्स एक प्रकार का डिप्लोमा कोर्स है। जिसे विद्यार्थी 12वीं कक्षा पास करने के पश्चात हासिल कर सकता है। सनातन की डिग्री के साथ साथ भी विद्यार्थी इवेंट मैनेजमेंट कोर्स को कर सकता है और अपने कैरियर को बना सकता है। आज के समय में सबसे लोकप्रिय डिप्लोमा में इवेंट मैनेजमेंट कोर्स भी शामिल है। हर विद्यार्थी इस कोर्स में अधिक रुचि रखता है। इवेंट मैनेजमेंट डिप्लोमा कोर्स 2 वर्षीय डिप्लोमा कोर्स है। जिसको पूरा करने के पश्चात विद्यार्थी को इवेंट मैनेजमेंट का सर्टिफिकेट मिल जाता है।

ऐसे बना सकते हैं करियर

इवेंट मैनेजमेंट डिप्लोमा करने के बाद विद्यार्थी अपना करियर आसानी से बना सकता है। अगर विद्यार्थी को समारोह या किसी भी फंक्शन की प्लानिंग करने में बेहतरीन रुचि है। तो विद्यार्थी को यह डिप्लोमा करके अपने करियर को यहीं पर सफल बना देना है। किसी भी कार्यक्रम का आयोजन होने से पहले कार्यक्रम के आयोजन कर्ता इवेंट मैनेजर से मिलते हैं और इवेंट के बारे में पूरी प्लानिंग करते हैं। ऐसे में यदि आप भी इवेंट मैनेजर बन जाते हैं। तो आप भी अपना कैरियर इस क्षेत्र में सफल कर सकता है। यदि आप भी इवेंट मैनेजर बनने का सपना देख रहे हैं तो आप इवेंट मैनेजमेंट की डिग्री व डिप्लोमा को सबसे पहले कंप्लीट करना होगा। और उसके पश्चात ही आपको इस क्षेत्र में अपना करियर बना सकते हैं। हालांकि यहां डिग्री व डिप्लोमा के साथ-साथ आपके माइंड की स्किल बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका रखते हैं।

इन चरणों को फॉलो करना होगा

- सर्वप्रथम विद्यार्थी को 12वीं पास करना होगा।
- 12वीं कक्षा पास करने के पश्चात विद्यार्थी अपने नजदीकी किसी भी इवेंट मैनेजमेंट कोर्स उपलब्ध करवाने वाली कॉलेज में जाकर अपने एडमिशन के लिए एप्लीकेशन जमा कर सकता है।
- जब आप एडमिशन के लिए जाते हैं। तो कई ऐसे कॉलेज मौजूद है, जहां पर आपको एडमिशन से पहले एक एंट्रेंस एग्जाम में शामिल होना होगा।
- एंट्रेंस एग्जाम पास करने के पश्चात ही आप को एडमिशन दिया जाएगा।
- कई ऐसे कॉलेज है, जो आपको 12वीं के अंकों के आधार पर भी एडमिशन उपलब्ध करवा देते हैं।
- अलग-अलग चरणों के माध्यम से एडमिशन मिलने के पश्चात आपको अपने आवेदन फीस के साथ एडमिशन को कंफर्म कर लेना है।
- अब विद्यार्थी को 2 वर्ष के इस डिप्लोमा को पूरा करना है और इवेंट मैनेजमेंट कोर्स का सर्टिफिकेट हासिल करना है।

आगे बढ़ने के ढेर सारे मौके

करियर स्कोप

जब कोई भी विद्यार्थी किसी भी डिग्री व डिप्लोमा कोर्स को पूरा करता है। तो उसके पश्चात विद्यार्थी के दिमाग में एक ही सवाल उत्पन्न होता है कि इस कोर्स को करने के पश्चात मेरे लिए भविष्य में कौन-कौन से करियर के स्कोर पर मौजूद होंगे। इवेंट मैनेजमेंट का कोर्स करने वाले विद्यार्थी को नाम से ही पता चल जाता है, कि करियर के स्कोप के तौर पर उसे इवेंट मैनेजर का काम करना होगा। लेकिन इवेंट मैनेजमेंट डिप्लोमा के पश्चात कौन-कौन से अन्य करियर स्कोप मौजूद होते हैं।

कोर्स फीस : विद्यार्थी किसी भी डिप्लोमा कोर्स या डिग्री लेने से पहले उस कोर्स को करने में कितनी फीस लगेगी इसके बारे में आकलन लगाना पसंद करता है। क्योंकि हर विद्यार्थी अमीर परिवार से नहीं होता है। हर विद्यार्थी अपने अपने स्टैंडर्ड के हिसाब से ही डिग्री और डिप्लोमा लेने के बारे में सोचता है। इस कोर्स को करने के लिए सरकारी कॉलेज में 20000 रुपये तक का प्रतिवर्ष खर्चा आता है तो प्राइवेट कॉलेज में इस डिप्लोमा को करने का 100000 रुपये प्रति वर्ष तक खर्चा आता है और कई ऐसे प्राइवेट कॉलेज है। जहां इससे भी अधिक फीस आपको देनी पड़ती है।

यहां मिलता रोजगार

- शादी
- समारोह
- अवॉर्ड समारोह
- टीवी शो
- म्यूजिक लॉन्च
- म्यूजिक समारोह
- फिल्म अवॉर्ड
- फैशन शो
- थीम पार्टी
- प्रदर्शनी
- कोरपोरेट सेमिनार
- बर्थडे पार्टी समारोह

मिलते बहुत सारे विकल्प

जब विद्यार्थी 12वीं कक्षा पास करके इवेंट मैनेजमेंट कोर्स के लिए आगे बढ़ता है। तो विद्यार्थी के सामने बहुत सारे विकल्प खड़े हो जाते हैं। जिसमें से किसी भी एक कोर्स का चयन करके विद्यार्थी को इवेंट मैनेजमेंट कोर्स को पूरा करना होता है। इवेंट मैनेजमेंट के कौन कौन से कोर्स है।

सर्टिफिकेट कोर्स इन इवेंट मैनेजमेंट
डिप्लोमा इन इवेंट मैनेजमेंट
पीजी डिप्लोमा इन मीडिया एंड इवेंट मैनेजमेंट
बेचलर इन इवेंट मैनेजमेंट, बीएससी इन इवेंट मैनेजमेंट, बीबीए इन इवेंट मैनेजमेंट, बीए इन इवेंट मैनेजमेंट, मास्टर इन इवेंट मैनेजमेंट, एमबीए इन इवेंट मैनेजमेंट

देश की सुरक्षा करने के लिए विशाल सेना की आवश्यकता

इंडियन नेवी में बनाएं करियर, अच्छी सैलरी के साथ-साथ मिलेगा देश सेवा का भी मौका

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

भारत देश अनेक सारे देशों की सीमाओं से सटा हुआ एक विशाल देश है। भारत की सीमाएं तीन से चार दुश्मन देशों से मिलती है। ऐसी स्थिति में देश की सुरक्षा करने के लिए एक विशाल सेना की आवश्यकता होती है। विशाल सेना के अंतर्गत नेवी भी शामिल है। बता देते हैं कि भारत के दक्षिण दिशा में विशालकाय समुद्र है। जहां से देश की सुरक्षा करना बहुत बड़ी चुनौती है और बहुत जरूरी भी है। ऐसी स्थिति में भारतीय नेवी का गठन किया गया है। यह काफी ताकतवर भारतीय सेना है, जो समुद्री मार्ग से आने वाले दुश्मनों का सामना करती है और देश को हमेशा सुरक्षित बनाए रखती है। इंडियन नेवी को हिंदी में नौसेना कहते हैं। यह फौज सामान्य फौज की तुलना में काफी ताकतवर होती है। इनके पास विशालकाय पानी वाले जहाज और पानी में चलने वाले हथियार होते हैं। इसके अलावा इन सैनिकों को पानी में युद्ध करने की पूरी ट्रेनिंग दी जाती है, ताकि कभी भी युद्ध होने पर पानी में भी भारतीय सेना मुकाबला कर सकें। समुद्र में विभिन्न प्रकार के तत्व और तेल पाए जाते हैं। इसीलिए भारतीय सीमा के अंतर्गत आने वाले समुद्र की रक्षा भी इंडियन नेवी द्वारा ही की जाती है। इसके अलावा समुद्री मार्ग से होने वाले राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय व्यापार भी नेवी की नजर से होकर गुजरता है। इंडियन नेवी दुनिया के सबसे ताकतवर नेवी में से एक है। समय-समय पर आपने टेलीविजन पर देखा होगा, कि किस तरह से इंडियन नेवी द्वारा युद्धाभ्यास किया जाता है और सरकार द्वारा भी विभिन्न प्रकार के हथियार इंडियन नेवी को उपलब्ध कराए जाते हैं। हाल ही में विक्रांत नाम का सबसे बड़ा और विशालकाय जहाज इंडियन नेवी को मिला है, जिसे समुद्र में उतार कर युद्ध अभ्यास भी किया जा चुका है। इस तरह के युद्धाभ्यास के बाद दूसरे देशों की सेना भी भारतीय सेना से टकराने के लिए एक हजार बार सोचती है। भारतीय नेवी अफसरों को काफी सम्मान मिलता है। इसीलिए आज के समय के अनेक सारे युवा इंडियन नेवी के तहत जॉब करना चाहते हैं। लेकिन उन्हें इस विषय में कोई जानकारी नहीं है।

भारतीय नौसेना काफी ताकतवर

समुद्री इलाके में तैनाती

समुद्री इलाके में देश की सुरक्षा के लिए नौसेना को तैनात किया जाता है। भारतीय नेवी के पास हर तरह के हथियार और उपकरण है, जिसकी मदद से वह देश की सुरक्षा के साथ किसी भी चुनौती का सामना करने में सक्षम है। इंडियन नेवी का सबसे बड़ा अधिकारी नौसेना अध्यक्ष होता है तथा इस सेना की सर्वोच्च कमान भारत के राष्ट्रपति के पास होती हैं। पश्चिमी देशों में प्राचीन काल से ही समुद्री यात्राएं की जाती है। लेकिन भारत में पहले ऐसा नहीं होता था। जब भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी ने अपने कदम रखें, तो वे समुद्री मार्ग से ही आए थे और उसके बाद समुद्र मार्ग से ही भारत के साथ पश्चिमी देशों में व्यापार शुरू कर लिया और समुद्र के रास्ते से ही सभी तरह के व्यापार किए जाते थे। समुद्र के रास्ते विभिन्न देशों की यात्राएं होती थी। इसीलिए महाराष्ट्र के छत्रपति शिवाजी महाराज ने सन 1674 में अपने शासनकाल में समुद्री सेवा की स्थापना की थी, उसे ही भारतीय इतिहास में इंडियन नेवी स्थापना कहा जाता है।

लंबा इतिहास

भारतीय नौसेना का इतिहास काफी पुराना है। भले ही आज के समय में इंडियन नेवी को अंग्रेजों की देन कहते हैं या अंग्रेजों को ही इंडियन नेवी का श्रेय देते हैं। लेकिन यह पूरी तरह से सही नहीं है क्योंकि छत्रपति शिवाजी महाराज ने अपने शासनकाल में समुद्री सेना का विस्तार कर दिया था, जिसके बाद आए अंग्रेजों ने अपने हिसाब से उसे विकसित किया और बड़े पैमाने पर फैलाया। यही वजह है कि आज के समय में हमें अक्सर लोगों द्वारा यह सुनने को मिलता है की अंग्रेजी शासन काल के दौरान ही आधुनिक भारत में इंडियन नेवी की स्थापना की गई थी, बल्कि स्थापना की बजाय विकास किया गया था। हिंदी में इंडियन नेवी को भारतीय नौसेना नाम से भी जाना जाता है।

ऐसे बनाएं करियर

- अब तक आप भारतीय नौसेना के बारे में जान चुके हैं और अब भारतीय नौसेना में जाने का मन बना चुके हैं। तो आपको इंडियन नेवी में जाने से पहले विभिन्न प्रकार की जानकारी प्राप्त कर लेनी चाहिए
- आपको यह पता होना चाहिए की कि आप भारतीय नेवी में जाने लायक है या नहीं क्योंकि यह एक ताकतवर फौज है।
- यहां पर विभिन्न प्रकार की योगिता निर्धारित की गई है। इन योग्यता के आधार पर ही चयन किया जाता है।
- अगर आप नौसेना में करियर बनाना चाहते हैं। तो पहले इसका पूरा गणित समझ लीजिए।

शैक्षणिक योग्यता

- भारतीय नौसेना में यूपीएससी, एनडीए के द्धारा ली जाने वाली परीक्षा के आधार पर ही चयन किया जाता है।
- उम्मीदवार का मान्यता प्राप्त बोर्ड से हाई स्कूल पास आउट होना चाहिए।
- इंटरमीडिएट परीक्षा में अच्छे अंकों के साथ पास करने वाले उम्मीदवार भी इंडियन नेवी के लिए आवेदन कर सकते हैं।
- अगर आपने कोई अच्छा कंप्यूटर कोर्स किया है, तो आपको इंडियन नेवी में चयनित होने के लिए ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ेगी।
- अगर आपको टेक्नोलॉजी का ज्ञान है और उसमें रुचि है तो इंडियन नेवी में आपका चयन आसान हो सकता है।
- इंडियन नेवी में आवेदन करने वालों का भारतीय नागरिक होना आवश्यक है।
- इंडियन नेवी में आवेदन करने वालों का शारीरिक और मानसिक रूप से पूर्णता स्वस्थ होना चाहिए।
- भारतीय नौसेना में भर्ती के लिए न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष निर्धारित की गई है।
- इंडियन नेवी में अप्लाई करने वाले कैडिडेट्स के लिए अधिकतम आयु सीमा 25 वर्ष तय की गई है।
- आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का मान्यता प्राप्त 10वीं अथवा 12वीं कक्षा पास होना जरूरी है।
- उम्मीदवार को दसवीं अथवा 12वीं कक्षा में कम से कम 50% अंक प्राप्त करने आवश्यक है।
- आवेदन करने वाले अभ्यर्थी को हिंदी तथा अंग्रेजी दोनों ही भाषाओं का अच्छा ज्ञान होना चाहिए।
- आवेदन करने वाले पुरुष अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम शरीर की लंबाई 157 सेंटीमीटर तय की गई है।
- महिला आवेदकों के लिए शरीर की लंबाई 152 सेंटीमीटर होना जरूरी है।
- पुरुष अभ्यर्थियों के छाती का विस्तारित आकार 5 सेमी होना जरूरी है।
- महिलाओं के लिए इस तरह के छाती के विस्तारित आकार की कोई योग्यता निर्धारित नहीं की गई है।
- इंडियन नेवी के आवेदकों का शारीरिक परीक्षण किया जाता है उसमें पास होना जरूरी है।
- उम्मीदवार अंधा नहीं होना चाहिए, दोनों आंखों से बराबर देखने वाला होना चाहिए।
- उम्मीदवार का मानसिक और शारीरिक रूप से पूर्णतया स्वस्थ होना जरूरी है।

इन प्रोसेस से गुजरना होगा

इंडियन नेवी में भर्ती के लिए तीन प्रक्रिया निर्धारित की गई है। इन तीन प्रक्रियाओं के आधार पर जॉइनिंग की जाती है। वह इस प्रकार है।

लिखित परीक्षा फिटनेस टेस्ट मेडिकल चेकअप

इंडियन नेवी में भर्ती होने के लिए सबसे पहले परीक्षा देनी होता है जिसके लिए लिखित परीक्षा आयोजित करवाई जाती है। इस परीक्षा में पास होना जरूरी है। 12वीं कक्षा पास करने के बाद भी आप नेवी परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस परीक्षा के लिए भी एग्जाम पैटर्न और सिलेबस निर्धारित किया जाता है। अगर आप उसे अच्छी तरह से समझ लेते हैं, तो यह परीक्षा पास करना आपके लिए काफी आसान हो जाता है। बता देते हैं कि इंडियन नेवी में लिखित परीक्षा के तहत फिजिक्स, केमिस्ट्री, सामान्य ज्ञान, मैथ इंग्लिश, रिजनिंग इत्यादि विषय को सिलेबस के तहत निर्धारित किया गया है। इस परीक्षा में 100 अंकों के 100 प्रश्न पूछे जाते हैं तथा यह परीक्षा केवल 60 मिनट में देनी होती है, जो उम्मीदवार इस परीक्षा को पास कर लेते हैं उन्हें फिटनेस टेस्ट के लिए भेज दिया जाता है लेकिन जो फेल हो जाते हैं। उन्हें वापस अपने घर लौटना होता है जो उम्मीदवार दूसरे चरण के फिटनेस परीक्षा भी पास कर लेता है उन्हें तीसरे चरण की मेडिकल परीक्षा के लिए भेज दिया जाता है। यहां पर उम्मीदवार के शरीर का मेडिकल टेस्ट किया जाता है जिसमें यह देखा जाता है कि उम्मीदवार पूरी तरह से मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ है या नहीं। और शरीर के सभी अंग सही ढंग से काम करते हैं या नहीं। इस टेस्ट में पास होने वाले उम्मीदवारों को ट्रेनिंग के लिए भेज दिया जाता है। वे इस परीक्षा में पास हो जाते हैं और ट्रेनिंग के बाद उन्हें जॉइनिंग मिल जाती है।

वर्तमान परिदृश्य में छात्रों के लिए समय का प्रभावी उपयोग करना बेहद जरूरी

मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

आज का समय, वह दौर है जो न केवल चुनौतियों से भरा है, बल्कि अनगिनत अवसरों का खजाना भी लेकर आया है। डिजिटल क्रांति, ऑनलाइन शिक्षा का विस्तार, और वैश्विक स्तर पर हो रहे बदलावों ने छात्रों के लिए नए रास्ते खोले हैं। लेकिन इसके साथ ही, बढ़ती प्रतिस्पर्धा, भविष्य की अनिश्चितता और पढ़ाई का दबाव भी सामने आया है। ऐसे में, यह समय छात्रों के लिए एक सुनहरा अवसर है कि वे अपनी प्रतिभा को निखारें, अपने सपनों को पंख दें और अपने लक्ष्यों की ओर दृढ़ता से बढ़ें। यह लेख उन सभी छात्रों के लिए है जो इस परिदृश्य को समझकर समय का सर्वोत्तम उपयोग करना चाहते हैं और हर परिस्थिति में प्रेरित रहना चाहते हैं। समय एक ऐसी संपत्ति है जो कभी वापस नहीं आती, और छात्र जीवन वह दौर है जब आप इस संपत्ति को सही दिशा में निवेश करके अपने भविष्य को सुनहरा बना सकते हैं।

डिजिटल युग ने शिक्षा को अधिक सुलभ बनाया

आइए, जानें कि इस समय का प्रभावी उपयोग कैसे करें और प्रेरणा की आग को कैसे जलाए रखें। सबसे पहले, हमें यह समझना होगा कि वर्तमान परिदृश्य को एक चुनौती के बजाय अवसर के रूप में देखना चाहिए। डिजिटल युग ने शिक्षा को पहले से कहीं अधिक सुलभ बना दिया है। यूट्यूब, कोर्सेरा, खान एकेडमी जैसे मंच मुफ्त या किफायती कोर्स प्रदान करते हैं, जिनके माध्यम से आप प्रोग्रामिंग, डिजिटल मार्केटिंग, डेटा एनालिसिस, या कोई अन्य कौशल सीख सकते हैं। ये कौशल न केवल आपके करियर को नई दिशा देंगे, बल्कि आपको आत्मविश्वास भी प्रदान करेंगे। इसके लिए एक लक्ष्य-आधारित योजना बनाना जरूरी है। अपने दीर्घकालिक लक्ष्य को छोटे-छोटे दैनिक लक्ष्यों में तोड़ें। उदाहरण के लिए, यदि आप इंजीनियरिंग या मेडिकल की तैयारी कर रहे हैं, तो रोजाना 1-2 घंटे किसी कठिन विषय को समर्पित करें। एक टाइम-टेबल बनाएँ, जिसमें पढ़ाई, कौशल विकास, और आत्म-देखभाल के लिए समय हो। इस अनुशासित दिनचर्या से आप समय की बर्बादी से बचेंगे और अपने लक्ष्यों के करीब पहुंचेंगे। लेकिन ध्यान रहे, सोशल मीडिया और अनावश्यक स्क्रॉलिंग समय के सबसे बड़े चोर हैं। अपने फोन पर स्क्रीन टाइम लिमिट सेट करें और पढ़ाई के दौरान नोटिफिकेशन बंद रखें। प्रेरणा वह शक्ति है जो आपको कठिनाइयों के बीच भी आगे बढ़ने का हौसला देती है। लेकिन प्रेरणा को बनाए रखना आसान नहीं है, खासकर तब जब असफलताएँ, तनाव, या नकारात्मक विचार आपके रास्ते में आएँ। प्रेरित रहने का पहला कदम है अपने *क्यों* को स्पष्ट करना। आप पढ़ाई क्यों कर रहे हैं? शायद आप अपने परिवार को गर्व महसूस कराना चाहते हैं, या एक बेहतर भविष्य का सपना देखते हैं। इस *क्यों* को एक कागज पर लिखें और अपनी स्टडी टेबल पर चिपकाएँ। यह आपको हर दिन याद दिलाएगा कि आपका लक्ष्य कितना महत्वपूर्ण है। इसके अलावा, छोटी-छोटी जीत का जश्न मनाएँ। एक कठिन चैप्टर पूरा किया? एक नया कॉन्सेप्ट समझा? खुद को शाबाशी दें यह छोटी जीत आत्मविश्वास की नींव बनाती हैं। प्रेरक स्रोतों से भी जुड़ें। स्वामी विवेकानंद, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम जैसे महान व्यक्तियों की जीवनी पढ़ें, प्रेरक पॉडकास्ट सुनें, या यूट्यूब पर प्रेरणादायक वीडियो देखें। स्वामी विवेकानंद का यह कथन हमेशा याद रखें: *उठो, जागो और तब तक नहीं रुको, जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए।* साथ ही, अपने आसपास सकारात्मक माहौल बनाएँ।

नकारात्मक लोगों से दूरी रखें

नकारात्मक लोगों से दूरी रखें और उन दोस्तों, शिक्षकों, या ऑनलाइन समुदायों से जुड़ें जो आपको प्रोत्साहित करें। चुनौतियां हर किसी के जीवन का हिस्सा हैं, और वर्तमान समय में ये चुनौतियाँ और भी जटिल हो सकती हैं। परीक्षा का दबाव, आर्थिक अनिश्चितता, या भविष्य की चिंता आपको विचलित कर सकती है। लेकिन इनका सामना करने के लिए आपको तनाव प्रबंधन की कला सीखनी होगी। रोजाना 5-10 मिनट ध्यान (मेडिटेशन) करें, गहरी सांस लें, या योग का अभ्यास करें। यह आपके दिमाग को शांत रखेगा और प्रेरणा को बनाए रखेगा। सकारात्मक आत्म-चर्चा भी एक शक्तिशाली हथियार है। मैं यह नहीं कर सकता की जगह कहें, मैं इसे सीख लूंगा। असफलता को डर के रूप में न देखें, बल्कि इसे एक शिक्षक के रूप में अपनाएं। हर असफलता आपको कुछ नया सिखाती है। थॉमस एडिसन ने बल्ब बनाने से पहले 1000 बार असफलता का सामना किया, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। आप भी हर बार गिरकर उठने की हिम्मत रखें। इसके अलावा, पढ़ाई के दौरान छोटे-छोटे ब्रेक लें। हर 45 मिनट की पढ़ाई के बाद 5 मिनट का ब्रेक आपके दिमाग को तरोताजा रखेगा। स्वास्थ्य को कभी नजरअंदाज न करें, क्योंकि स्वस्थ शरीर और मन ही प्रेरणा का आधार हैं। रोजाना 20-30 मिनट व्यायाम करें, चाहे वह टहलना हो, योग हो, या कोई खेल। संतुलित आहार लें और पर्याप्त नींद लें। नींद की कमी आपके फोकस और प्रेरणा को कम कर सकती है।

सामान्य ज्ञान

1. इलेक्ट्रॉन के तरंग प्रकृति की खोज किसने की थी
(ए) थॉमसन
(बी) डी ब्रोग्ली
(सी) रदरफोर्ड
(डी) बोहर

2. तत्व के सबसे छोटे भाग को क्या कहते हैं
(ए) परमाणु
(बी) इलेक्ट्रॉन
(सी) न्यूट्रॉन
(डी) प्रोटॉन

3. डॉल्टन के परमाणु सिद्धांत के अनुसार कौन सा सबसे छोटा कण स्वतन्त्र रूप से रह सकता है
(ए) अणु
(बी) परमाणु
(सी) धनायन
(डी) ऋणायन

4. किसी परमाणु का रासायनिक व्यवहार निर्भर करता है, उसके -
(ए) न्यूक्लियस में प्रोटानो की संख्या पर
(बी) न्यूक्लियस में न्युट्रानो की संख्या पर
(सी) न्यूक्लियस के गिर्द घुम रहे इलेक्ट्रॉनो की संख्या पर
(डी) न्यूक्लियस में न्युक्लियनो की संख्या पर

5. द्रव्यमान संख्या' किसका योग है ?
(ए) केवल प्रोटान
(बी) इलेक्ट्रॉन और प्रोटान
(सी) इलेक्ट्रॉन और न्यूट्रान
(डी) प्रोटान और न्यूट्रान

6. किसी परमाणु के द्रव्यमान और द्रव्यमान संख्या के अंतर को कहते हैं
(ए) परमाणु क्रमांक
(बी) परमाणु संख्या
(सी) द्रव्यमान क्षति
(डी) इलेट्रॉनों की संख्या

7. किस न्यूक्लियर कण में कोई द्रव्यमान और आवेश नही होता ,किन्तु प्रचक्रण होता है
(ए) इलेक्ट्रॉन
(बी) प्रोटॉन
(सी) न्यूट्रॉन
(डी) मेसॉन

उत्तर 1.(बी) 2.(ए) 3.(बी) 4.(सी) 5.(डी) 6.(सी) 7.(सी)

मंडल कार्यालय के प्रांगण में काले बिल्ले लगाकर विरोध जताया

ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के खिलाफ किया प्रदर्शन

बहादुरगढ़। मांगों को लेकर प्रदर्शन करते बिजली कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

झज्जर। प्रदर्शन के दौरान आदेशों की प्रतियां जलाते हुए कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में शुक्रवार को बिजली कर्मचारियों ने मंडल कार्यालय के प्रांगण में काले बिल्ले लगाकर जोरदार प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन एचएसईबी वर्कर यूनियन की एड-हॉक कमेटी के आह्वान पर किया गया, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ उपप्रधान सुमित देसवाल ने की, जबकि मंच संचालन यूनिट सचिव बलवंत यादव ने किया।

प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने सरकार की नीतियों को कर्मचारी विरोधी करार देते हुए जमकर नारेबाजी की। उन्होंने ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को फील्ड में कार्यरत कर्मचारियों के लिए खतरनाक बताया। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि एक स्थान पर स्थानांतरण होने की स्थिति में कर्मचारियों को स्थानीय लाइन नेटवर्क की जानकारी नहीं होती, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका कई गुणा बढ़ जाती है। उन्होंने इसे कर्मचारियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ बताया। उन्होंने यह भी कहा कि यूपीएस पॉलिसी को जबरन कर्मचारियों पर थोपा जा रहा है, जो अस्वीकार्य है। कर्मचारियों ने सरकार से ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को तुरंत वापस लेने और वर्ष 2006 के बाद नियुक्त कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने की मांग की। प्रदर्शन में पंकज वशिष्ठ, एएफएम फूलचंद, रोहित गुलिया, राजकुमार, मनजीत, अमित शर्मा, महेश, देवेंद्र, संदीप दलाल, निखिल, जेई अनिल, लोकेश, राजेश, बिजेंद्र, विनोद, संजीव गुलिया सहित अन्य कर्मचारी शामिल थे।

कर्मचारियों ने निगम कार्यालय परिसर में विरोध प्रदर्शन किया

झज्जर। ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में शुक्रवार को एचएसईबी वर्कर्स यूनियन व सबयूनिट कर्मचारियों द्वारा निगम कार्यालय परिसर में विरोध प्रदर्शन किया गया। यूनियन के जिला प्रधान संजीव छिल्लर की अध्यक्षता में आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने कहा कि कई लाइन पर जाने के दौरान कर्मचारी जानकारी के अभाव के दुर्घटना का शिकार हो सकता है। उन्होंने पॉलिसी की प्रतियां जला कर भी विरोध जताया। इस मौके पर राजपाल जेई, सुरेश जेई, बलराम, संदीप, धर्मेंद्र, सुमेर, लवकेश सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

झज्जर। खेल मैदान में शिक्षकों के साथ उपस्थित विजेता खिलाड़ी। फोटो: हरिभूमि

आरईडी स्कूल छुछकवास के विद्यार्थियों ने मातनहेल में आयोजित खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मेडल जीते हैं। अंडर-14 आयु वर्ग में दिशा ने लोंग जंप में प्रथम, बैडमिंटन में वंश और बॉक्सिंग में प्रिंस ने प्रथम तथा कुश्ती में जतिन ने पहला स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 आयुवर्ग में लॉग जंप में स्नेहा व बैडमिंटन में गौरव ने प्रथम स्थान हासिल किया। अंडर-19 वर्ग में साक्षी ने 200 मीटर दौड़ में प्रथम व 100 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त कर दोहरी सफलता हासिल की। बैडमिंटन में शिवलव, वेद प्रकाश, रोहित, सुनील, जतिन ने शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त। इसके अलावा अंडर-14 व अंडर-19 आयुवर्ग की फुटबॉल स्पर्धा में टीम ने पहला पुरस्कार जीता। बास्केटबॉल में आदित्य और मनिंद्र ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जगह बनाई। बॉक्सिंग में लक्की ने पहला और शॉटपुट में पायल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या सरिता मल्हान ने सभी विजेता खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य की कामना की।

सार्वजनिक स्थान पर हो भाजपा की बैठक

बहादुरगढ़। पूर्व पार्षद जसबीर सैनी ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली से मुलाकात कर पार्टी की बैठकें निजी कार्यालयों में होने पर आपत्ति दर्ज करवाई। बहादुरगढ़ विधानसभा में नेताओं की गुटबाजी और पार्टी में फूट का भी उल्लेख किया। भाजपा की मीटिंग सार्वजनिक स्थान पर होनी चाहिए। ताकि सभी कार्यकर्ता, पदाधिकारी व नेता एक मंच पर आकर पार्टी को मजबूत करने की रणनीति बना सकें।

नशे के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

बहादुरगढ़। रेलवे रोड पर मजदूरों को जागरूक करते इंस्पेक्टर सतीश।

पुलिस ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान के तहत आमजन को साइबर क्राइम, यातायात नियम, नशे के दुष्परिणाम, महिला अपराध, बाल अपराध और डिजिटल स्कैम जैसी गंभीर समस्याओं के प्रति जागरूक किया गया। निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि साइबर ठगी करने वाले अपराधी लोगों को डराकर या लालच देकर उनकी मेहनत की कमाई को ठगने की कोशिश करते हैं। ऐसे मामलों से बचने के लिए सतर्क रहना आवश्यक है। अभियान के दौरान उन्होंने कंपनियों में काम करने वाले कर्मचारियों और मजदूरों को भी जागरूक करते हुए कहा कि नशा एक अभिशाप है। मशीनों या अन्य काम करते वक्त इसका सेवन जानलेवा साबित हो सकता है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे खुद भी नशे से दूर रहें और दूसरों को भी इसके दुष्परिणामों के बारे में समझाएं।

जिला पुलिस मे तैनात 70 सिपाही हुए पदोन्नत

झज्जर। जिला पुलिस में तैनात 70 सिपाहियों को पदोन्नति का तोहफा मिला है। पुलिस उपायुक्त जसलीन कौर द्वारा जिला के विभिन्न स्थानों पर तैनात सिपाहियों को मुख्य सिपाही के पद पर पदोन्नत किया गया। उन्होंने पदोन्नत सिपाहियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पदोन्नत हुए सिपाहियों में अनिल कुमार, सोनू, देवेंद्र, तिलकराज, प्रवीन, अजय, रीना, सुनील, मनजीत, गणेश कुमार, प्रदीप, सुनील, वीरेंद्र, अंकित, जितेंद्र, मीना, संजय, बलदेव, नवीन, रीना, कृष्णा, मंजीत विकास, कबुल, सुनील ,रेनू ,रिंकू, नरेंद्र सुमित जगप्रवेश, नरेंद्र, पवन, मनीष, श्रवण, राकेश, दिनेश,रवि ,मेहर सिंह, राजेंद्र, महेंद्र,रमेश ,धर्मेंद्र, नवीन, राकेश, सविता, विजय, कुमार ,नीतू रानी ,नीलम नवीन, सोनू, राकेश आदि लोग शामिल रहे।

जसलीन कौर

मुक्त व्यापार समझौतों का विरोध करेंगे किसान संगठन

बहादुरगढ़। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन भारत सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र में किए जा रहे मुक्त व्यापार समझौतों का पुरजोर विरोध करेगा। इसके खिलाफ सभी जिला एवं तहसील मुख्यालयों पर 13 अगस्त को विरोध प्रदर्शन के दौरान मोदी-ट्रंप के पुतले दहन किए जाएंगे। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह मातनहेल तथा सचिव जयकरण मांडौठी ने बताया कि ट्रंप सरकार दबाव बनाकर कृषि क्षेत्र में भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौता करना चाहती है। यदि सरकार इस तरह का समझौता करती है, तो यह समझौता आने वाले समय में भारत के किसानों को उजाड़ कर रख देगा। अगर सरकार डेयरी क्षेत्र में ये समझौते करती है, पशुपालन से जुड़े 8 करोड़ लोग तबाह हो जाएंगे। स्थानीय बाजार भी खत्म हो जाएगा। समझौतों का पूरे देश में किसान विरोध कर रहे हैं। संगठन के कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर इसकी जानकारी देंगे। साथ ही 13 अगस्त को सभी तहसील और जिला मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन करते हुए ट्रंप और मोदी सरकार के पुतले फूंकेंगे। साथ ही स्मार्ट मीटर योजना और 10 साल पुराने ट्रैक्टरों पर प्रतिबंध लगाने का भी विरोध किया जाएगा।

झज्जर। पौधरोपण करते हुए प्राचार्य दलबीर सिंह एवं अन्य स्टॉफ सदस्य। फोटो :हरिभूमि

नेहरू कॉलेज ने नशा मुक्ति अभियान के तहत जौंधी गांव लिया गोद

झज्जर। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना के अंतर्गत प्रेरणादायक पहल करते हुए शुक्रवार को एक पेड़-नशा मुक्त घर के नाम थीम पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पर्यावरण संरक्षण और नशा मुक्ति को जोड़कर प्रभावशाली संदेश दिया गया। प्राचार्य दलबीर सिंह ने पौधरोपण करते हुए कहा कि नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। यदि हम सच में समाज को स्वस्थ और सशक्त बनाना चाहते हैं तो इसकी शुरुआत हमें स्वयं से करनी होगी। एक पेड़ रोपना केवल हरियाली नहीं अपितु एक नई सोच बोने जैसा है। उन्होंने बताया कि कॉलेज ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी के तहत गांव जौंधी को नशा मुक्त अभियान के तहत गोद लिया है। इस पहल का उद्देश्य न केवल जागरूकता फैलाना है बल्कि गांव में सक्रिय रूप से ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों के साथ मिलकर अभियान को धरातल पर उतारना है। उन्होंने जौंधी गांव के सरपंच अनिल कुमार से मुलाकात कर इस अभियान को लेकर संवाद किया और गांव को पूर्णतः नशा मुक्त बनाने के लिए हरसंभव शैक्षणिक, नैतिक एवं व्यवहारिक सहयोग देने का आश्वासन दिया।

पुलिस लाइन परिसर में जवानों ने लगाए पौधे

झज्जर। शुक्रवार को पुलिस लाइन परिसर में इंस्पेक्टर बिजेंद्र सिंह ने अपने सहकर्मियों के साथ पौधरोपण किया। वृक्ष हमारे जीवन का मूल आधार हैं। वे न केवल हमें शुद्ध ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, बल्कि भूमि की उर्वरता बनाए रखने, तापमान नियंत्रण और वर्षा चक्र को संतुलित करने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। वृक्ष हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार करते हैं। जिससे तनाव कम होता है और स्वास्थ्य बेहतर होता है। पेड़ मिट्टी में नमी बनाए रखते हैं और जलधाराओं को पुनः भरते हैं। जिससे जल संरक्षण होता है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन और बढ़ते प्रदूषण से निपटने का सबसे प्रभावी माध्यम वृक्षारोपण है।

पेड़-पौधे हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान का अभिन्न अंग : महंत राजेंद्र दास

झज्जर। स्वामी नितानंद चिकित्सालय संस्थान परिसर में फलदार बगीची एवं छायादार पेड़-पौधों का रोपण किया जा रहा है। जटेला धाम के महंत राजेंद्र दास ने कहा कि पेड़-पौधों और वनस्पति की हरियाली से संस्थान की छटा और अधिक निखरेगी। भवन और ढांचागत सुविधाओं से कहीं अधिक ये पेड़-पौधे आयुर्वेदिक चिकित्सा में उपयोगी सिद्ध होंगे। यह ऑक्सीवन की तरह कार्य करेंगे और आयुर्विज्ञान संस्थान को एक विशेष ऑक्सीजन जोन में परिवर्तित कर देंगे, जिससे रोगियों को प्राकृतिक ऑक्सीजन की आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। पेड़-पौधे हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान का अभिन्न अंग रहे हैं। इस मौके पर अभियान के समन्वयक मास्टर आशीष, सतवीर, पूर्व सरपंच बलवान, सुनील कुमार, करतार सिंह, भूपेंद्र सिंह, प्रवीण स्वामी, मिंटू, सरूप, दर्शन, विजय, कृष्ण सरपंच बिगोवा आदि मौजूद रहे।

झज्जर। वृक्षारोपण अभियान के दौरान श्रद्धालुओं के साथ उपस्थित महंत राजेंद्र दास। फोटो :हरिभूमि

एसएमओ ने त्रिवेणी लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

बेरी। क्षेत्र के गांव डीघल सीएचसी में एसएमओ डॉक्टर नरेश कुमार ने पेड़ों से वायु और वायु से आयु के संदेश के साथ पौधरोपण किया। ग्लोबल वार्मिंग तथा बढ़ते प्रदूषण सरीखी समस्याओं से निपटने के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण की जरूरत है। इसके लिए हर व्यक्ति को पौधारोपण का संकल्प लेना चाहिए। पौधा लगाने तक ही स्वयं को सीमित न रखें, अपितु पौधे का पूर्ण पोषण भी करें। एकजुट प्रयासों से ही पर्यावरण संरक्षण को मजबूती मिलेगी। पौधारोपण करने का यह सबसे अच्छा समय है। इस दौरान डॉक्टर तरुण कुमार, डॉक्टर संगीता रानी, पूनम एएनएम, शकुंतला देवी, मालती, राजबीर, पवन, भूप सिंह सहित स्टॉफ के अन्य सदस्यों ने भी पौधारपण किया।

सूचना

